


नवभारत

इंदौर, मंगलवार, 21 जुलाई 2026

02


## एक नजर में

### खेलो इंडिया अस्मिता सेपक टकरा मंदसौर बालिका लीग का आयोजन



**दलौदा।** जिला मंदसौर सेपक टकरा एसोसिएशन के द्वारा खेलो इंडिया अस्मिता बालिका लीग का आयोजन महाराणा प्रताप रिसोर्ट दलौदा में शुभारंभ किया गया, शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष दलौदा श्री विकास सुराणा, समाजसेवी श्री पूनमचंद पाटीदार, दलौदा पी.जी.कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष श्री हेमन्त धनोतिया, दलौदा मंडल अध्यक्ष और जिला मंदसौर सेपक टकरा अध्यक्ष श्री सुमित सेन, दलौदा सरपंच श्री अनिल दुर्गा कैथवास, मध्य प्रदेश सेपक टकरा एसोसिएशन के सह सचिव श्री आशीष मिश्रा, समाजसेवी श्री दिनेश पंवार, पिछ?ा मोर्चा दलौदा श्री जितेन्द्र राठौर , समाजसेवी श्री गोविंद राठी,समाजसेवी श्री विशाल राठौर आदि उपस्थित है सर्वप्रथम मां सरस्वती पूजा अर्चना की गई, उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एंब्रोम्ज वॉल्टर, अभिषेक सेठिया, उमंग चतुर्वेदी, हेमंत सेन, अर्जुन मौर्या, लक्की गौड़, पुरुषोत्तम, खुशी ग्वाला, तनुश्री पाटीदार, हेमलता कुंवर आदि ने किया था इस प्रतियोगिता में मंदसौर जिले की लगभग 150-160 बालिकाओं खिला?ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, प्रतियोगिता का उद्देश्य खिला?ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना तथा जिले में सेपक टकरा खेल को ब?ावा देना है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिला?ियों को सम्मानित किया गया, उसके पश्चात सभी खिला?ियों को शर्ट प्रदान की गई प्रतियोगिता का संचालन अभिषेक सेठिया ने किया, और आभार हेमंत सेन ने माना यह जानकारी जिला मंदसौर सेपक टकरा एसोसिएशन के सचिव एंब्रोम्ज वॉल्टर ने दी।

### जीवन में माता-पिता, गुरु के प्रति रखें कृतज्ञता का भाव

**मंदसौर।** प्रत्येक मनुष्य को रात्रि में सोते समय देव, गुरु, धर्म का चिन्तन करते हुये पुरे दिन भर में जिनका भी सहयोग मिला है उनके प्रति कृतज्ञता का भाव लाना चाहिये अर्थात जिन्होंने हम पर उपकार किया है हमारा सहयोग किया है उनके प्रति हम कृतज्ञता (आभार- शुक्रिया) का भाव लाये और मन ही मन उनका शुक्रिया करे जीवन में ऐसा करने से हमारा पुण्यबल और प्रबल होगा। उक्त विचार साध्वी नेहाश्रीजी म.सा. ने जीवागंज स्थित मूल तपो भवन जनकुपूरा स्थानक में आयोजित धर्मसभा (प्रवचन) में कहे। आपने यहाँ सोमवार को आयोजित धर्मसभा में कहा कि माता-पिता व गुरु के प्रति हमारे मन में सदैव उपकार के भाव होने चाहिये। माता-पिता ने जन्म और गुरु ने संस्कार नहीं दिये होते तो हम भी संसार में कहीं भटक रहे होते। जिनवाणी श्रवण करने का मौका मिला है तो यह भी गुरु की ही कृपा है। जीवन में माता-पिता व गुरु के उपकार को कभी नहीं भूलना चाहिये। घर-परिवार के सदस्यों के प्रति भी हमारे मन में कृतज्ञता का भाव रहना चाहिये। बच्चों के सहयोग के कारण ही हम निश्चित होकर जीवन निर्वहन कर पाते है। परिवार के संचालन में पति-पत्नी, भाई-बहन सभी का सहयोग रहता है इसलिये जीवन में हम कभी भी कृतज्ञता का भाव रखे। धर्मसभा में ब?ी संख्या में धर्मालुजन भी उपस्थित थे। प्रभावना हीरालाल मेहता परिवार के द्वारा वितरित की गयी।

### डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर जागरुकता कार्यक्रम

**मंदसौर।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डेंगू निरोधक माह के अंतर्गत ग्राम अरनिया जटिया में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम चौपाल एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य मच्छरजनित रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने कहा कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए घरों और आसपास पानी जमा नहीं होने देना, कूलर व पानी के पात्रों की नियमित सफाई करना तथा बुखार होने पर तुरंत स्वास्थ्य जांच कराना आवश्यक है। मलेरिया निरीक्षक आर.डी. बैरागी ने बताया कि डेंगू निरोधक माह के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लार्वा सर्वे, स्रोत नष्टीकरण और जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाकर पानी के संग्रहित पात्रों को खाली एवं साफ करने की अपील की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच रेखा बाई देवकिशन जाटव ने ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य विभाग के अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# थाने से 2 किमी दूर चल रही डोडाचूरा फैक्ट्री पर सीबीएन का छापा

- मल्हारगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल
- आरोपी के ढाबे से भी तस्करी के तार खंगाल रही एजेंसी

**पिपलियामंडी।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने सोमवार सुबह मल्हारगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आकली में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध डोडाचूरा पीसने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। थाना मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर संचालित इस फैक्ट्री से करीब 10 क्विंटल डोडाचूरा, पीसने की मशीन और अन्य सामग्री जब्त कर आरोपी युवराज सिंह को हिरासत में लिया गया है।

कार्रवाई के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार सीबीएन की टीम सुबह करीब छह बजे गांव पहुंची और दो घंटे चली कार्रवाई में बड़ी मात्रा में डोडाचूरा बरामद किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के नाम पर अफीम खेती का कोई वैध पट्टा नहीं है। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि डोडाचूरा कहां से लाया जा रहा था और इसकी सप्लाई किन लोगों तक की जाती थी। सूत्रों के मुताबिक आरोपी महू-नीमच फोरलेन पर एक ढाबा भी संचालित करता है।

एजेंसी इस पहलू की भी जांच कर रही है कि कहीं ढाबे का उपयोग मादक पदार्थों की सप्लाई के लिए तो नहीं किया जा रहा था। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि थाना मुख्यालय के इतने नजदीक लंबे समय से अवैध गतिविधि संचालित होने के बावजूद स्थानीय पुलिस को इसकी भनक क्यों नहीं लगी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक सीबीएन की ओर से कोई आधिकारिक प्रेस नोट जारी नहीं किया गया था, वहीं मल्हारगढ़ एसडीओपी और थाना प्रभारी से संपर्क का प्रयास भी सफल नहीं हो सका।

### स्कॉर्पियो से 1 किलो से अधिक अफीम जब्त

**पिपलियामंडी।** नारायणग? पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो वाहन से 1 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने हरियाणा के दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अफीम और वाहन जब्त किया है। मामले में एक स्थानीय आरोपी की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को नारायणगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो वाहन से अफीम की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बादरी-बूड़ा मार्ग स्थित बांसखेड़ी फंटे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 1 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में वाहन सवार युवकों ने अपनी पहचान सुखविंदर (26) पिता मेनपाल जाट, निवासी बारड़ा, जिला चरखी दादरी (हरियाणा) एवं आशीष (22) पिता राजकुमार जाट, निवासी लाड, तहसील बार?ा, जिला चरखी दादरी (हरियाणा) के रूप में बताई।

# मंदसौर की बेटी अनीता माली 'इंडियाज टैलेंट फाइट' के टॉप-10 में

**मंदसौर।** प्रतिभा और मेहनत के दम पर मंदसौर की उभरती हुई गायिका अनीता माली ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो 'इंडियाज टैलेंट फाइट' के सेमीफाइनल राउंड में शानदार प्रस्तुति देकर उन्होंने देश के टॉप-10 प्रतिभागियों में स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी का माहौल है और शहरवासी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार अनीता माली ने अपनी मधुर आवाज, सुरों की सटीक पकड़ और प्रभावशाली मंच प्रस्तुति से निर्णायकों के साथ-साथ दर्शकों का भी दिल जीत लिया। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के कठिन दौर पार किए और अब देश के सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों में अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि अनीता माली की यह उपलब्धि मंदसौर के लिए गर्व का विषय है। शो के सेमीफाइनल राउंड का प्रथम टेलीविजन प्रसारण 22 जुलाई 2026 को रात्रि 11:55 बजे एंड टीवी पर किया जाएगा, जिसमें दर्शक अनीता की प्रस्तुति देख सकेंगे। अनीता माली की इस सफलता पर शहर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, संगीत प्रेमियों और नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे आगामी दौर में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मंदसौर और मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।

# गुंद्रावत परिवार ने बच्चों को वितरित की शिक्षण सामग्री



**दूधीखेड़ा।** ग्राम दूधीखेड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालय में गुरुवार को सामाजिक सरोकार का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। सहकारिता विभाग में पदस्थ वरिष्ठ निरीक्षक टी.आर. (तुलसीराम) गुंद्रावत और उनके परिवार द्वारा स्व.भंवरलाल गुंद्रावत, स्व. श्रीमती कालीबाई तथा स्व. राजेश गुंद्रावत की पुण्य स्मृति में बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना कर विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियां, पेन, पेंसिल सहित अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की गई। वितरण का कार्य स्व. राजेश गुंद्रावत की पुत्री प्रतिज्ञा गुंद्रावत तथा टी.आर. गुंद्रावत के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिज्ञा गुंद्रावत ने कहा कि अपने पिताजी, दादाजी एवं दादीजी की स्मृति में बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री वितरित कर उन्हें आत्मिक संतोष और विशेष खुशी का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का यह छोटा-सा सहयोग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सार्थक पहल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए टी.आर. गुंद्रावत ने कहा कि जब बच्चे शिक्षित होकर आगे बढ़ते हैं तो वे केवल अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि गांव, विद्यालय, तहसील, जिले, प्रदेश और देश का भी नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसकी शिक्षा और संस्कार से होती है।

# सावन माह से पूर्व पशुपतिनाथ मंदिर व्यवस्था में हो ये बदलाव

## नपा अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव



**मंदसौर। श्रावण मास को लेकर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में होने मंदसौर आयोजन को लेकर आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में नपा अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने उपस्थित होकर आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में अभिषेक स्थल नंदी हॉल की बजाय स्वामी श्री प्रत्यक्षानंद जी महाराज हॉल रखा जाए।**

नंदी हॉल छोटा पड़ता हैं। अभिषेक में भी असुविधा होती हैं। साथ ही नंदी हॉल को बैरिकेटिंग लगाकर वी.आई.पी. ज़ोन बनाया जाता हैं। नंदी हॉल खुला रहे एवं श्रद्धालु दर्शनार्थियों को भगवान के अष्टमुखी चारों दिशाओं से दर्शन हो सकें। वहीं श्रावण मास में प्रात:काल आरती के समय कूलर एवं पंखे बंद रहते हैं। इस कारण घुटन सी होती हैं। गत वर्ष एक महिला बेहोश हो गई थी। इसलिए ए.सी. लगवाये जाने की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में प्रात:कालीन आरती के बाद प्रबंध समिति द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था हो। श्रावण मास में प्रति सोमवार को पुजारियों द्वारा रुद्राभिषेक किया जाना चाहिए।

# अच्छी बारिश की कामना को लेकर मैनपुरिया में 23 को मनाएंगे उज्जैनी

**मैनपुरिया।** क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं, वहीं तालाब, नदी और कुएं भी लगभग खाली होने की स्थिति में हैं। ऐसे में ग्राम मैनपुरिया के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अच्छी बारिश की कामना के लिए पारंपरिक धार्मिक आयोजन उज्जैनी मनाने का निर्णय लिया है।

ग्रामीणों की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 23 जुलाई 2026, गुरुवार को पूरे गांव में उज्जैनी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के लिए ग्रामीणों ने घर-घर जाकर सहयोग राशि एकत्रित की है, ताकि सभी धार्मिक अनुष्ठान सामूहिक रूप से संपन्न कराए जा सकें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को गांव के मंदिरों में हवन-पूजन किया जाएगा। इसके बाद खेड़ा देव की पूजा-अर्चना कर खेतों में पारंपरिक रूप से लड्डू, चूरमा और बाटी का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाया जाएगा। साथ ही इंद्रदेव की विशेष आराधना कर क्षेत्र में अच्छी वर्षा, समृद्ध फसल और किसानों की खुशहाली की प्रार्थना की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यह आयोजन वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। उनका विश्वास है कि सामूहिक श्रद्धा, धार्मिक अनुष्ठान और इंद्रदेव की आराधना से प्रकृति प्रसन्न होगी तथा क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने से किसानों को राहत मिलेगी।

## एक नजर — सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति गीतों ने बांधा समां

# 'रंगीला हिंदुस्तान' थीम पर झलकी भारत की सांस्कृतिक विविधता



**मंदसौर।** भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से वाइब्रेंट क्लब, मंदसौर द्वारा 'रंगीला हिंदुस्तान' थीम पर भव्य एवं आकर्षक सांस्कृतिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा धारण की और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

संस्थापक अध्यक्ष सीए प्रजवी जैन ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रीय एकता का उत्सव मनाना था। समारोह में देशभक्ति गीतों, मनोरंजक खेलों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा रोचक प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। विभिन्न राज्यों की संस्कृति, पहनावे और लोक परंपराओं की आकर्षक झलक ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। क्लब अध्यक्ष अंतिम बक्षी ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, पारिवारिक जुड़ाव और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने भारतीय संस्कृति की विविधता को उत्साहपूर्वक प्रस्तुत करते हुए आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि बड़ेसाथ ओसवाल समाज के अध्यक्ष गुणवान सिंह कोठारी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में भाईचारे, सहभागिता और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने वाइब्रेंट क्लब के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया।



## एक नजर में

### लायंस क्लब नीमच की ऐतिहासिक पारिवारिक फेलोशिप यात्रा सम्पन्न



**नीमच।** लायंस क्लब नीमच के ऊर्जावान अध्यक्ष लायन सुनील शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में क्लब की अब तक की सबसे बड़ी पारिवारिक एवं ऐतिहासिक फेलोशिप यात्रा 18 एवं 19 जुलाई को राजस्थान के राजसमंद जिले स्थित महाराणा प्रताप की जन्म एवं कर्मस्थली कुंभलगढ़ में उत्साह एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुई। दो दिवसीय इस विशेष यात्रा में क्लब के 45 दंपतियों ने परिवार सहित सहभागिता कर आपसी सौहार्द, सामाजिक सेवा और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का संदेश दिया। अरावली पर्वतमाला की मनोहारी वादियों के बीच स्थित लाखेला रिसॉर्ट में आयोजित इस फेलोशिप यात्रा का शुभारंभ 18 जुलाई को दोपहर भोज के बाद हुआ। शाम को राजस्थान के प्रसिद्ध भवई लोक कलाकारों, बाल कलाकारों एवं नृत्यांगनाओं ने लोकगीत, लोकसंगीत और पारंपरिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। राजस्थान की लोक संस्कृति से रूबरू हुए क्लब सदस्यों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना की। इसके पश्चात यात्रा दल ने ऐतिहासिक कुंभलगढ़ दुर्ग का भ्रमण किया। यहां राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से महाराजा कुंभा एवं महाराणा प्रताप के शौर्य, संघर्ष और मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने यात्रा में शामिल सभी सदस्यों को इतिहास की गौरवगाथा से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। यात्रा के दौरान सदस्यों ने विश्व प्रसिद्ध कुंभलगढ़ की विशाल प्राचीर का भी अवलोकन किया, जिसे चीन की महान दीवार के बाद विश्व की दूसरी सबसे लंबी किलेबंदी माना जाता है। सफारी वाहनों के माध्यम से अरावली की पर्वत श्रृंखलाओं का भ्रमण करते हुए सभी ने प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। लाइट एंड साउंड शो से पूर्व क्लब के पूर्व अध्यक्ष इंजीनियर लायन बाबूलाल गौड़ ने महाराजा कुंभा की वंशावली, मेवाड़ के इतिहास तथा महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र पर संक्षिप्त किन्तु अत्यंत प्रेरणादायक जानकारी दी, जिसे सदस्यों ने बड़ी रुचि के साथ सुना।

### रोगी कल्याण समिति की कार्यकारी बैठक आज

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारी बैठक का आयोजन 21 जुलाई को दोपहर 4:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में किया जाएगा। बैठक में रोगी कल्याण समिति के कार्यों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सर्वसंबंधितों से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपेक्षा की गई है।

# दो वर्ष से गायब ऐतिहासिक तोप का नहीं मिला सुराग...



**नीमच।** कभी अंग्रेजों की प्रमुख छावनी रहे नीमच की ऐतिहासिक पहचान पर सवाल खड़े हो गए हैं। जिले की धरोहर मानी जाने वाली पुरानी कचहरी परिसर से सदियों पुरानी दो ऐतिहासिक तोपों में से एक रहस्यमय तरीके से गायब हुए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न तो चोरी गई तोप का कोई सुराग मिला है और न ही इस मामले में किसी जिम्मेदार की जवाबदेही तय हो सकी है। इस बीच जागरूक नागरिक अमरदीप उपाध्याय ने एक बार फिर प्रशासन को कानूनी नोटिस भेजकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

पुरानी कचहरी अंग्रेजों के शासनकाल की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक इमारतों में गिनी जाती है। इसके मुख्य प्रवेश द्वार पर वर्षों से विभिन्न धातुओं से निर्मित दो ऐतिहासिक तोपें स्थापित थीं, जिन्हें शहर की विरासत और सैन्य इतिहास का प्रतीक माना जाता था। वर्ष 2024 में इनमें से एक तोप रहस्यमय परिस्थितियों में चोरी हो गई। हैरानी की बात यह रही कि इतनी बड़ी और भारी ऐतिहासिक धरोहर के गायब होने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई।

**2024 में की थी पहली शिकायत**-अमरदीप उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने 3 सितंबर 2024 को जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत देकर चोरी हुई तोप की बरामदगी, दोषियों की गिरफ्तारी और ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की थी। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि पूर्व में विधायक दिलीप सिंह परिहार द्वारा दोनों तोपों को कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें फिर से पुरानी कचहरी परिसर में स्थापित कर दिया गया। इसके बाद सुरक्षा में लापरवाही के चलते एक तोप चोरी हो गई।

### अब भेजा प्री-लिटिगेशन लीगल नोटिस

अमरदीप उपाध्याय का कहना है कि शिकायत के बाद भी न तो जांच की स्थिति सार्वजनिक की गई और न ही चोरी हुई तोप की बरामदगी को लेकर कोई जानकारी सामने आई। ऐसे में उन्होंने 2 मार्च 2026 को जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, संस्कृति विभाग, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को प्री-लिटिगेशन लीगल नोटिस भेजकर निष्पक्ष जांच, प्रशासनिक जवाबदेही तय करने और ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग की है।

**हाईकोर्ट जाने की चेतावनी**-कानूनी नोटिस में कहा गया है कि यदि संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो इस मामले में उच्च न्यायालय में रिट याचिका अथवा जनहित याचिका (क्कढ्ढरु) दायर की जाएगी। साथ ही चोरी की जांच की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक करने, आवश्यक होने पर स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराने तथा पुरानी कचहरी सहित जिले की सभी ऐतिहासिक धरोहरों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग भी की गई है।

**सिर्फ चोरी नहीं, विरासत संरक्षण का मामला**-यह मामला अब केवल एक ऐतिहासिक तोप की चोरी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि नीमच की ऐतिहासिक पहचान, प्रशासनिक जवाबदेही और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन गया है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**नीमच।** कलेक्टर सभागार में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सीईओ जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक में ब्लैक फिल्म लगे वाहनों तथा ब्लैक फिल्म लगाने वाली दुकानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई, जब्ती एवं सीलिंग की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वाहनों के आगे-पीछे विभिन्न जाति एवं समुदायों के नाम लिखकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

सीईओ जिला पंचायत ने ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर ढाबों के बाहर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर नियमित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूल बसों में इमरजेंसी एग्जिट, पैनिक बटन एवं अन्य सुरक्षा मानकों की जांच कराने तथा आरटीओ के माध्यम से बसों के फिटनेस प्रमाण-पत्रों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आरटीओ को सभी सार्वजनिक वाहनों एवं स्कूल बसों की फिटनेस जांच, ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई, स्कूल बस चालकों एवं परिचालकों की नेत्र जांच तथा शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी निर्माण विभागों को सड़कों की मरम्मत, ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यक संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर बनाने व बारिश में जलभराव या पुल-पुलियों पर विशेष सुरक्षा रखें।

## एक नजर — धानुका फैक्ट्री में नशे के खिलाफ गूंजी एकजुटता की आवाज

# 200 कर्मचारियों ने बनाई मानव श्रृंखला



**नीमच।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जन-जागृति अभियान के तहत सोमवार को नारकोटिक्स प्रकोष्ठ नीमच ने शहर स्थित धानुका फैक्ट्री परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में फैक्ट्री के लगभग 200 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) डी. श्रीनिवास वर्मा तथा डीआईजी कुमार प्रतीक के नेतृत्व में संचालित प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

**मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशे के विरुद्ध संदेश**-कार्यक्रम के दौरान धानुका फैक्ट्री के कर्मचारियों ने परिसर में विशाल मानव श्रृंखला (ह्यूमन चेन) बनाकर 'हह ञ्जह्र ष्ठक्रक्त' का संदेश दिया। कर्मचारियों ने एकजुट होकर समाज को यह संदेश दिया कि स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य के लिए नशे से दूरी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

**निरीक्षक बलराम सिंह रघुवंशी ने किया जागरूक**-नारकोटिक्स प्रकोष्ठ नीमच के निरीक्षक बलराम सिंह रघुवंशी ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नशे के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी।